राजस्थान सरकार

**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग**

क्रमांक :– 555 दिनांक :– 3.4.2013

समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त जिला कलक्टर,
राजस्थान।

**विषय :–** दिनांक 07 अप्रेल 2013 को समस्त जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री निःशुल्क जाँच योजना के उद्घाटन समारोह के सन्दर्भ में।

महोदय,

राज्य सरकार द्वारा सबके लिए स्वास्थ्य की अवधारणा को साकार करने की दृष्टि से 2 अक्टूबर 2011 से ''मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना'' प्रारम्भ की गई। जिसके आशातीत परिणाम सर्वविदित है, परन्तु निःशुल्क दवाईयाँ उपलब्ध कराने के उपरान्त भी आवश्यक चिकित्सकीय जाँचों का आर्थिक भार वहन में आज भी समाज का एक बड़ा तबका असमर्थ है।

अतः वर्ष 2013–14 के बजट में की गई घोषणा के अनुरूप 7 अप्रेल 2013 को ''विश्व स्वास्थ्य दिवस'' के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा राजकीय अस्पतालों में सम्पूर्ण इलाज सुविधापूर्वक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ''मुख्यमंत्री निःशुल्क जाँच योजना'' प्रारम्भ करने का निर्णय लिया है। योजना के अन्तर्गत राज्य के सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों – यथा मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध अस्पतालों, जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपचार के लिए आने वाले सभी मरीजों को चरणबद्ध रूप से मूलभूत जाँचें निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेंगी। योजना के प्रथम चरण में राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालयों, उप जिला चिकित्सालयों एवं सेटेलाईट चिकित्सालयों में 7 अप्रेल 2013 से योजना का शुभारम्भ किया जायेगा। राज्य के सभी राजकीय मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध अस्पतालों में 57 जाँचें तथा जिला चिकित्सालयों, उप जिला चिकित्सालयों एवं सेटेलाईट चिकित्सालयों में 44 जाँचें उपलब्ध कराई जायेगी। द्वितीय चरण में 1 जुलाई 2013 से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 28 जाँचें उपलब्ध कराई जायेगी। तृतीय चरण में 15 अगस्त 2013 से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर डिस्पेन्सरीज पर 15 प्रकार की जाँचें आमजन को निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। उक्त योजना के विधिवत उद्घाटन हेतु जिला स्तर पर जिला चिकित्सालयों में माननीय प्रभारी मंत्री महोदय के मुख्य आतिथ्य में उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाना है। इस सन्दर्भ में माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा उन्हें लिखित में पत्र भेजा जा चुका है तथा मुख्यमंत्री कार्यालय से उक्त पत्र आपको भी मेल किया जा रहा है।

**उद्घाटन समारोह आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश निम्नानुसार है :–**

1. **उद्घाटन स्थल :–** जिन जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज है, वहाँ मेडिकल कॉलेज के परिसर में तथा अन्य जिलों में जिला अस्पताल परिसर में उक्त समारोह आयोजित किये जाने है।
2. **उद्घाटन का दिनांक एवं समय :–** उद्घाटन दिनांक 07 अप्रेल 2013 को किया जाना है तथा उद्घाटन समारोह के समय एवं कार्यक्रम के सम्बन्ध में माननीय प्रभारी मंत्री जी से आप चर्चा कर समस्त आवश्यक तैयारियों की समीक्षा कर लें। ताकि उद्घाटन समारोह विधिवत् रूप से आयोजित किया जा सकें।
3. **जिला स्तरीय समारोह :–** जिला स्तर पर आयोजित उद्घाटन समारोह में सांसदगण, विधायकगण, जिला प्रमुख, उप जिला प्रमुख, जिला परिषद् के सदस्यगण, नगर निगम/नगर पालिका के अध्यक्ष/सभापति, समस्त पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को आमन्त्रित किया जावें। सभी माननीय सांसदों एवं माननीय विधायकों

को यद्यपि मुख्यमंत्री महोदय की ओर से पत्र भेजा जा चुका है, फिर भी आप भी उन्हें अपने स्तर से भी आमन्त्रित करें। समारोह में समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण को भी आमन्त्रित करें। उक्त उद्घाटन समारोह के समय ही स्थानीय आवश्यकतानुसार मुख्य अतिथि महोदय से नवस्थापित लैब का भी उद्घाटन कराया जा सकता है तथा कतिपय मरीजों को जाँच रिपोर्ट वितरित करायी जा सकती है।

4. जयपुर जिले का समारोह एस.एम.एस. अस्पताल के सभागार में किया जाना है तथा इसका स्वरूप अन्य जिलों से वृहद होगा।
5. सभी जिलों में समारोह पश्चात विधिवत रूप से प्रेसमीट/प्रेसवार्ता आयोजित की जानी है। प्रेसवार्ता के लिए भी अलग से वित्तीय प्रबन्ध किया गया है।
6. जिला स्तरीय समारोह में मंच, टेन्ट, साउण्ड, बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था स्थानीय स्तर पर की जावें।
7. योजना के प्रचार-प्रसार हेतु समाचार पत्रों, टी.वी. एवं रेडियों इत्यादि में राज्य स्तर से विज्ञापन जारी किये जायेंगे। बेकड्रोप, फलेक्स, होर्डिंग, बैनर, हैण्डबिल, पम्पलेट आदि की व्यवस्था जिला स्तर पर ही सुनिश्चित की जावें।
8. सभी जिला सी.एम.एच.ओ. को समारोह आयोजन के लिए संलग्न सूची अनुसार अलग से बजट आबंटन कर दिया गया है।
9. समारोह में निःशुल्क जाँचों एवं उपचार आदि के बारे में भी जानकारी आवश्यक रूप से दी जावें।
10. समारोह में पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों का भी आमन्त्रित कर लिया जावें।
11. समारोह में चिकित्सा विभाग की अन्य योजनाओं यथा मुख्यमंत्री शुभलक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री बी.पी.एल. जीवनरक्षा कोष योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना, जननी शिशु सुरक्षा योजना एवं अन्य योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जावें।
12. जिले में आयोजित की गई गतिविधियों का प्रतिवेदन समारोह पश्चात् अधोहस्ताक्षरकर्ता को भी भेजा जावें।

प्रमुख शासन सचिव,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग,
राजस्थान

क्रमांक :- 555

दिनांक :- 3-4.2013

प्रतिलिपि :-

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा, राजस्थान।
2. निजी सचिव, शासन सचिव एवं मिशन निदेशक, एनआरएचएम, मुख्यालय।
3. समस्त प्रिन्सीपल मेडिकल कॉलेज।
4. समस्त अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज।
5. निदेशक, आरसीएच/पीएच/एड्स, राज. जयपुर।
6. समस्त संयुक्त निदेशक, जोन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान।
7. समस्त प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, जिला अस्पताल।
8. समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राजस्थान।
9. समस्त जिला प्रभारी अधिकारी, चिकित्सा विभाग, राजस्थान।
10. प्रभारी, सर्वर रूम, मुख्यालय।

3/4/13

निदेशक (आई.ई.सी.)
चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं प.क. सेवायें,
राजस्थान

## "मुख्यमंत्री निःशुल्क जाँच योजना" हेतु आई.ई.सी. गतिविधियाँ के लिए बजट/राशि आवंटन विवरण सूची

| क्र.सं. | जिले का नाम | टेन्ट व्यवस्था प्रति जिला | स्टेशनरी सामग्री प्रति जिला | हाई टी/भोजन व्यवस्था प्रति जिला | जिला स्तर पर प्रेस कॉन्फ्रेन्स प्रति जिला | जिला स्तर पर समारोह हेतु प्रचार सामग्री प्रति जिला | कुल बजट राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अजमेर | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 2 | अलवर | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 3 | बांसवाड़ा | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 4 | बांरा | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 5 | बाड़मेर | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 6 | भरतपुर | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 7 | भीलवाड़ा | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 8 | बीकानेर | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 9 | बूंदी | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 10 | चित्तौड़गढ़ | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 11 | चूरू | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 12 | दौसा | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 13 | धौलपुर | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 14 | डूंगरपुर | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 15 | हनुमानगढ़ | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 16 | जयपुर प्रथम | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 17 | जयपुर द्वितीय | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 18 | जैसलमेर | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 19 | जालौर | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 20 | झालावाड़ | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 21 | झुझुंनू | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 22 | जोधपुर | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 23 | करौली | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 24 | कोटा | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 25 | नागौर | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 26 | पाली | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 27 | प्रतापगढ़ | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 28 | राजसमंद | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 29 | सवाईमाधोपुर | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 30 | श्रीगंगानगर | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 31 | सीकर | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 32 | सिरोही | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 33 | टोंक | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| 34 | उदयपुर | 100000 | 20000 | 100000 | 20000 | 25000 | 265000 |
| | **कुल योग :–** | **3400000** | **680000** | **3400000** | **680000** | **850000** | **9010000** |